'समानो मन्त्रः समितिः समानी'

UNIVERSITY OF NORTH BENGAL

B.A. Honours 4th Semester Examination, 2022

CC9-HINDI

हिंदी निबंध एवं अन्य गद्य विधाएं

Time Allotted: 2 Hours　　　　Full Marks: 60

The figures in the margin indicate full marks.

1. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए – 3×4 = 12

(क) आ० रामचन्द्र शुक्ल के तीन महत्त्वपूर्ण निबंध-संग्रहों के नाम लिखिए।

(ख) आचार्य शिवपूजन सहाय की दृष्टि में प्रसादजी की कविता-पाठ करने की क्या विशेषता थी ?

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी के तीन निबंध-संग्रहों के नाम लिखिए।

(घ) 'यात्रा-साहित्य' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'इंस्पेक्टर दातादीन चाँद पर' में किसकी कार्यपद्धति पर व्यंग्य साधा गया है ?

(च) 'आनंद की साधनावस्था' को लेकर चलनेवाले तीन रचनाकारों के नाम लिखिए।

2. निम्नलिखित अंशों में से किन्हीं चार की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6×4 = 24

(क) रईसों की गरीबनिवाजी, पण्डितों का स्वाभिमान, नर्तकों की नृत्य-निपुणता, लावनीबाजों की रचना-चातुरी, गुण्डों का निर्बलों की सहायता में सहयोग, गायिकाओं का मर्यादा-पालन और फक्कड़ों की गरीबपरवरी उनसे सुनकर उस युग का दृश्य मनश्चक्षुओं के सामने आ जाता था।

(ख) वह व्यवस्था या वृत्ति, जिससे लोक में मंगल का विधान होता है, 'अभ्युदय' की सिद्धि होती है, धर्म है।

(ग) कत्ल हुआ है, तो किसी मनुष्य को सज़ा होगी ही। मारनेवाले को होती है, या बेकसूर को-यह अपने सोचने की बात नहीं है। मनुष्य-मनुष्य सब बराबर है। सबमें उसी परमात्मा का अंश है। हम भेदभाव नहीं करते। यह पुलिस का मानवतावाद है।

(घ) उसने देश को सजीवता दी और बार-बार मिटकर यह दिखाया कि पूर्ण स्वाधीनता ही भारत का जीवन है।

(ङ) एक मुहावरा 'ऊपर से हो रहा है' हमारे देश में पच्चीस सालों से सरकारों को बचा रहा है। तुम इसे सीख लो।

(च) दोनों महारथियों में कभी किसी प्रकार का मनोमालिन्य अथवा वैमनस्य नहीं हुआ। उनकी तीव्र आलोचना करनेवाले सज्जन भी उनके पास पहुँचकर यथोचित आदर-मान ही पाते थे।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के दीर्घ उत्तर दीजिए – 12×2 = 24

(क) शिवपूजन सहाय के 'महाकवि जयशंकर प्रसाद' रेखाचित्र के आधार पर प्रसादजी के व्यक्तित्व की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'काव्य में लोकमंगल की साधनावस्था' निबंध के कथ्य पर विचार कीजिए।

(ग) 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' के आलोक में पुलिस तंत्र की सच्चाई पर सोदाहरण विचार कीजिए।

(घ) यात्रा-वृतांत के संदर्भ में 'सागर कन्या और खग-शावक' का मूल्यांकन कीजिए।

——×——